Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct bridge on Padokia river in Gwalpara Block, Madhepura in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, बिहार राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा जिलान्तर्गत बिहारीगंज एवं ग्वालपाड़ा प्रखंड की सीमा पर पड़ोकिया नदी में पुल निर्माण नहीं होने से आमजन को भारी कठिनाई हो रही है । बिहारीगंज से फतेहपुर, पड़ोकिया नदी तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से पथ का निर्माण हो गया है और पड़ोकिया नदी के दूसरी तरफ से भी ग्वालपाड़ा (एन.एच-106) तक पक्की सड़क बनी हुई है । पड़ोकिया नदी पर पुल निर्माण होने से बिहारीगंज एवं ग्वालपाड़ा प्रखंड आपस में जुड़ जाएगा, जिससे बिहारीगंज प्रखंड के लोगों को ग्वालपाड़ा एनएच-106 पर आने-जाने में आवागमन की सुविधा सुलभ हो जाएगी । इस क्षेत्र में 95 प्रतिशत किसान हैं । पुल का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र के किसानों की पैदावार बाजार में नहीं पहुंच पाती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से निवेदन करता हूँ कि मधेपुरा जिलान्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के टेमाभेला पंचायत के पड़ोकिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण जनहित में कराने की कृपा करें ।